Publication:- Prabhat Khabar

Date: - 1st December 2017

Page No: - 03

Seminar on Child First, Safety First organized by The Bengal Chamber in association with Early Childhood association on 30th November 2017

सिटी सोसाइटी

ब्रीफ न्यूज

'चाइल्ड फर्स्ट सेफ्टी फर्स्ट' पर सेमिनार

कोलकाता. देशभर में बच्चों के साथ अपराध के मामले बढ़ते जा रहे हैं. देश की मौजूदा स्थिति ने बच्चों की सुरक्षा पर कइ सवाल खड़े कर दिये हैं. इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुये बंगाल चेंबर की एडुकेशन कमेटी ने अर्ली चाइल्डहूड एसोसिएशन के साथ मिलकर गुरुवार को बंगाल चेंबर में 'चाइल्ड फर्स्ट सेफ्टी फर्स्ट' सेमिनार का आयोजन किया. सेमिनार में उपस्थित कोलकाता के पुलिस आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि शिक्षा व समाज दोनों ही क्षेत्रों में बच्चों की सुरक्षा एक अहम मुद्दा है. सेमिनार में फील्ड विशेषज्ञ, बाल मनोवैज्ञानिक, बाल रोग विशेषज्ञ, स्कूल प्रबंधन प्रमुखों ने बच्चों की सुरक्षा के प्रति अपनी राय रखी. सेमिनार में सुरक्षा के साथ-साथ स्कूल का वातावरण कैसा हो, शिक्षकों और अभिवावकों का व्यवहार कैसा हो, पर भी चर्चा की गयी. इस अवसर पर अर्ली चाइल्डहूड की क्षेत्रीय प्रमुख सुमन सुद, इसीए सचिव डॉ आशा वर्मा, आइपीएस अपराजिता राय, डॉ स्वाति पोपट वत्स व कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

106 d, block-f
new alipore
kolkata 700 053
i n d i a

W +91 33 2445 2766
info@greymatterpr.com
www.greymatterpr.com